# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित **'B++'** श्रेणी)
*सम्बद्ध*
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 07.11.2025

# प्रकाशनार्थ

### एनसीसी कैडेट्स ने राष्ट्रगीत ''वंदे मातरम्'' का किया सामूहिक गान

**दिनांक 07.11.2025 गोरखपुर। 44 यूपी वाहिनी एन.सी.सी., गोरखपुर के तत्वावधान में दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एन.सी.सी. प्लाटून द्वारा राष्ट्रगीत "वंदे मातरम्" के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।** कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के NCC कैडेट्स ने सामूहिक रूप से "वंदे मातरम्" का गायन किया। इस अवसर पर देशभक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला।

**महाविद्यालय एन.सी.सी. प्लाटून के सीटीओ डॉ सुभाष चन्द्र ने बताया कि यह आयोजन राष्ट्रगीत की गौरवशाली परंपरा और मातृभूमि के प्रति सम्मान व्यक्त करने के उद्देश्य से किया गया।** कार्यक्रम में इंस्ट्रक्टर श्री शिवम गुप्ता तथा सभी एन.सी.सी. कैडेट्स ने इस कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और राष्ट्रगीत के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला।

**कार्यक्रम में देशभक्ति नारों के साथ "भारत माता की जय" के उद्घोष से पूरा परिसर गूंज उठा।**

**(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह**
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क